बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

महत्वपूर्ण

पत्रांक-- प्र06—विविध—35 / 2012 3252 / खाद्य,पटना / दिनांक 24/5/2012

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :— राशन कार्ड निर्गत करने के एवज में उपभोक्ताओं से प्राप्त की गयी राशि के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि विभागीय पत्रांक 2541 दिनांक 16.05.2008 द्वारा जिलावार इन्डेंट के अनुसार लाल, पीला एवं हरा राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया था ।

विभागीय पत्रांक 2834 दिनांक 28.05.2008 द्वारा बी0पी0एल0, अन्त्योदय एवं ए0पी0एल0 परिवारों / उपभोक्ताओं को क्रमशः लाल, पीला एवं हरा राशन कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया गया है एवं उसके विरूद्व सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं से राशन कार्ड लागत मूल्य के रूप में ₹2 / — (दो रूपया) प्रति राशन कार्ड की वसूली कर प्राप्त राशि " मुख्य शीर्ष— 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएँ, उप मुख्य शीर्ष—60—अन्य सेवाएँ लघुशीर्ष 800— अन्य प्रतियॉ उपशीर्ष 0021 लाल राशन कार्ड से प्राप्ति, विपत्र कोड संख्या आर—070608000021" में जमा करने का निदेश दिया गया है ।

विभागीय पत्रांक 5052 दिनांक 25.08.2010 द्वारा वर्ष 2007 की पारिवारिक सूची के विरूद्व प्राप्त आपत्तियों / आवेदनों के निष्पादन के पश्चात् बढ़े हुए बी0पी0एल0 एवं ए0पी0एल0 परिवारों को स्थानीय स्तर पर राशन कार्ड का मुद्रण कराकर आपूर्ति करने का निदेश दिया गया है एवं उपभोक्ताओं से लागत मूल्य के रूप ₹2 / — (दो रूपया) प्रति कार्ड वसूली का भी निदेश दिया गया है । परन्तु उक्त विभागीय निदेशों के आलोक में राशन कार्ड निर्गत करने के एवज में प्राप्त की गई राशि के निर्धारित शीर्ष में जमा करने की कोई सूचना जिलों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है ।

अतएव अनुरोध है कि राशन कार्ड निर्गत करने के एवज में उपभोक्ताओं से दो रूपया प्रति राशन कार्ड प्राप्त की गयी राशि का पूर्ण व्यौरा संलग्न प्रपत्र में अनिवार्य रूप से यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ।

विश्वासभाजन

सरकार के संयुक्त सचिव । 24/5/12

ज्ञापांक— प्र06—विविध—35 / 2012 3252 / खाद्य,पटना / दिनांक 24/5/2012

प्रतिलिपि — सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उन्हें निदेश दिया जाता है कि वांछित प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से आगामी राज्य स्तर पर आहूत की जानेवाली जिला आपूर्ति पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक में लाना सुनिश्चित करें ।

सरकार के संयुक्त सचिव ।

D:\Dmc FiYear 2011\Section ...

प्रपत्र

जिला

क्र0सं0	वर्ष	विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये राशन कार्डों की संख्या			स्थानीय स्तर पर मुद्रण कराये गये राशन कार्डों की संख्या			वितरित राशन कार्डों की संख्या			निर्धारित शीर्ष में जमा की गयी राशि	अभ्युक्ति
		पीला	लाल	हरा	पीला	लाल	हरा	पीला	लाल	हरा		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

हस्ताक्षर